# कम्युनलिज्म वॉच

Rajiv Gandhi Institute for Contemporary Studies

खंड: 2,अंक-13 — 1 नवंबर- 30 नवबंर, 2016

## इस अंक में


### सांप्रदायिक घटनाएं 2-4

**सांप्रदायिक हिंसा और तनाव**

- वेल्लौर में हिंदू युवकों ने दलित को पीटा
- अलीगढ़ में सांप्रदायिक हिंसा
- मदुरै में अतिवादी समूहों ने किया दलित युवक पर हमला
- अलीगढ़ में सामान्य विवाद में हिंसा
- गुजरात के कस्बे में हिंसा
- आगरा में मूर्तियों के क्षतिग्रस्त होने से तनाव
- अलीगढ़ में घर वापसी कार्यक्रम से तनाव
- बीरभूम जिले में हत्या के बाद तनाव
- विदिशा में हत्या के बाद हुई हिंसा
- बेल्लारी जिले में फेसबुक पोस्ट से तनाव
- ओल्ड हैदराबाद में तनाव

### सांप्रदायिक रणनीति 5-9

- केरल में आरएसएस की गतिविधियां
  - *कन्नूर में आरएसएस और सीपीएम के बींच हिंसक झड़प*
  - *केरल में आरएसएस का अभियान*
  - *राजनीतिक कार्यकर्ता की हत्या में आरएसएस की भूमिका के बाद विवाद*
  - *धर्मांतरण के बाद युवक की हत्या*
- हिंदूवादी संगठनों के आपराधिक गतिविधियां
  - *राजस्थान में बंजारों पर गौरक्षकों का हमला*
  - *बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के आरोपी की जेल में हत्या*
  - *मंगलुरू में बजरंग दल कार्यकर्ता ने किया होटल मालिक पर हमला*
  - *बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जेल में पशु तस्करों पर हमला किया*
  - *हलद्वानी में बजरंग दल का उत्पात*
  - *बुलंदशहर में बजरंग दल की मोरल पोलिसिंग*
- भाजपा की आईटी सेल ने पत्रकारों को बनाया निशाना
- राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने बनाया गौरक्षक सेना
- हरियाणा में गायों के कान में ईयर-टैग
- राजस्थान में सरकार की गौशाला योजना
- पश्चिमी यूपी में विहिप का सदस्यता अभियान
- राष्ट्र सेविका समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित
- मंगलुरू में विहिप का विरोध प्रदर्शन
- कर्नाटक में टीपू सुल्तान जयंती का विरोध
- करेंसी पर महात्मा गांधी की तस्वीर का विरोध
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने अंतरधार्मिक विवाह को कहा लव जेहाद
- हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग के खिलाफ बजरंग दल

### सांप्रदायिक कथन 11

- असम में शिक्षा मंत्री के बयान पर विवाद

### शिक्षा का भगवाकरण 9- 10

- राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आरएसएस का प्रभुत्व: डीयू पैनल
- आरएसएस के आयोजनों को म.प्र. सरकार का आर्थिक सहयोग
- बीएचयू में आरएसएस पर सेमिनार
- आरएसएस की स्वदेशी साइंस की नीति

### न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 11-13

- कर्नाटक में बजरंग दल नेता पशु तस्करी में गिरफ्तार
- खंभाट हिंसा में गिरफ्तारियां
- पाकिस्तानी झंडा फहराने पर कानुपर में राजद्रोह का मामला दर्ज
- पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया पर UAPA के तहत कार्रवाई
- 2009 मराड दंगा: सीबीआई करेगी जांच
- सलाफी विचारक जाकिर नाइक पर मामला दर्ज
- मोहसिन शेख की हत्या में अब तक मुआवजा नहीं
- पेटलवाद हिंसा : पुलिस की रिपोर्ट में आरएसएस पर आरोप
- गोविंद पंसारे हत्याकांड में एसआईटी की चार्जशीट दाखिल
- मथुरा में नास्तिक समूह पर केस दर्ज

कम्युनलिज्म वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 2,अंक-13 1 नवंबर- 30 नवबंर, 2016

| सांप्रदायिक घटनाएं | | |
|---|---|---|
| **सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव** | | |
| **घटनाएं** | **सम्मिलित संगठन/ समूह** | **दिनांक और घटना स्थल** |
| **वेल्लौर में हिंदू युवकों ने दलित को पीटा**<br>वेल्लौर के गांव विलापक्कम में पांच हिंदू युवकों ने 17 साल के दलित को स्कूल में पीटा। दीवाली के दिन पटाखे जलाने को लेकर हुए सामान्य विवाद के बाद आरोपी युवकों ने पिटाई की, जिससे दलित युवक घायल हो गया। पुलिस ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/chennai/Communal-tension-grips-Tamil-Nadu-village-after-five-youths-assault-dalit-student/articleshow/55188399.cms<br>Date Accessed: 1/11/2016 | दलित और हिंदू | 31/11/2016 वेल्लौर, तमिलनाडु |
| **अलीगढ़ में सांप्रदायिक हिंसा**<br>अलीगढ़ के कोड़िया गंज इलाके में सांप्रदायिक हिंसा में दो व्यक्तियों की मौत हो गयी। घटना के कारण स्पष्ट नहीं हैं और अलग-अलग बातें कही गयी हैं। कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद ने सांप्रदायिक झड़प का रुप ले लिया और बुंदू खान और उनके 17 साल के बेटे मोहब्बत खान की फायरिंग में मौत हो गयी। कुछ लोगों के अनुसार घटना के पीछे दीवाली के दिन हुआ विवाद है। दीवाली के दिन पटाखे जलाने को लेकर दूसरे समुदाय के लोग ने आपत्ति की थी<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/2-dead-in-communal-violence-in-Aligarh/articleshow/55164692.cms<br>Date Accessed: 1/11/2016 | स्थानीय समुदाय | 31/11/2016 अलीगढ़, उत्तरप्रदेश |
| **मदुरै में अतिवादी समूहों ने किया दलित युवक पर हमला**<br>मदुरै के गांव वेगाकुलम में अतिवादी हिंदू समूह के लोगों ने एक दलित युवक पर हमला किया। पीड़ित पर 31 अक्टूबर को हमला हुआ। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। हमले के दौरान दलित समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक नारे भी लगाए गए।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/madurai/Tension-in-Vagaikulam-after-assaulted-dalit-man-dies/articleshow/55195092.cms<br>Date Accessed: 2/11/2016 | दलित और हिंदू | 31/11/2016 मदुरै, तमिलनाडु |
| **अलीगढ़ में सामान्य विवाद में हिंसा**<br>अलीगढ़ में दो समुदायों के बीच हुए विवाद में 6 लोग घायल हो गए। विवाद उस दौरान हुई जब बाबरी मंडी में कुछ युवक पटाखे जला रहे थे। विवाद के दौरान दोनों समुदायों में पत्थर फेंका गया और गोलीबारी हुई। हिंसा में 6 लोग घायल हो गए। इस घटना में करीब 12 लोग घायल हो गए। इससे दो दिन पहले ही सांप्रदायिक विवाद में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गयी थी।<br>http://www.deccanherald.com/content/578894/tension-aligarh-communal-clashes.html<br>Date Accessed: 2/11/2016 | स्थानीय समुदाय | 31/11/2016 अलीगढ़, उत्तरप्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| **गुजरात के कस्बे में हिंसा**<br>गुजरात के खंभाट कस्बे में दो समुदायों के बीच छेड़-छाड़ के कथित आरोपों को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान पत्थरबाजी हुई और कई दुकानों में आग लगा दिया गया। हिंसा को देखते हुए प्रशासन ने इलाके में कर्फ्यू लगा दिया।<br>http://zeenews.india.com/news/gujarat/communal-clashes-in-gujarat-town_1945825.html<br>Date Accessed: 2/11/2016 | स्थानीय समुदाय | 1/11/2016 खंभाट, गुजरात |
| **आगरा में मूर्तियों के क्षतिग्रस्त होने से तनाव**<br>शाहगंज के ख्वासपुरा में दो धार्मिक स्थलों में क्षतिग्रस्त हुए मूर्तियों के बाद तनाव की स्थिति पैदा हुई। धार्मिक स्थल पर हुई तोड़-फोड़ की खबर फैलने के बाद काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। विहिप, बजरंग दल, भाजपा ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।<br>http://www.amarujala.com/india-news/communal-tension-in-agra-after-statues-of-the-two-religious-places-fragmented<br>Date Accessed: 2/11/2016 | स्थानीय समुदाय | 1/11/2016 आगरा, उत्तरप्रदेश |
| **अलीगढ़ में घर वापसी कार्यक्रम से तनाव**<br>अलीगढ़ में हिंदू महासभा के घर वापसी कार्यक्रम से तनाव हुआ। हिंदू महासभा ने 19 साल की युवती को लेकर आरोप लगाया है कि दूसरे समुदाय के युवक ने उसका जबरन धर्मांतरण कराया है। कार्यक्रम के दौरान युवती का शुद्धिकरण किया गया। युवती ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है कि उसे अगवा कर बरेली ले जाया गया, जहां उसके साथ बलात्कार हुआ।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/india/Hindu-Mahasabha-holds-ghar-wapsi-amid-tension/articleshow/55236114.cms<br>Date Accessed: 4/11/2016 | हिंदू महासभा | 3/11/2016 अलीगढ़, उत्तरप्रदेश |
| **बीरभूम जिले में हत्या के बाद तनाव**<br>बीरभूम जिले के मोल्लारपुर में एक व्यापारी की हत्या के बाद सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हुई। आरोप है कि मुहर्रम के दौरान कुछ लोगों ने उनसे धन की मांग की थी, जिसे न देने पर उनकी हत्या कर दी गयी। प्रशासन ने टिप्पणी में कहा कि घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया गया है और घटना सांप्रदायिक नहीं है।<br>http://www.thehindu.com/news/national/other-states/Normality-returns-to-Birbhum/article16436761.ece<br>Date Accessed: 5/11/2016 | स्थानीय समुदाय | बीरभूम, पश्चिम बंगाल |
| **विदिशा में हत्या के बाद हुई हिंसा**<br>मध्यप्रदेश के विदिशा में बजरंग दल नेता दीपक कुशवाहा की हत्या के बाद सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बिगड़ी। 12 नवंबर को हुई घटना के बाद भड़की हिंसा में कई मकान, दुकान और वाहनों में आग लगा दिया गया। विदिशा में उपद्रव को देखते हुए प्रशासन ने कर्फ्यू लगाया।<br>http://naidunia.jagran.com/madhya-pradesh/vidisha-vhp-leaders-murder-in-vidisha-market-off-batons-used-by-police-batons-849226<br>Date Accessed: 13/11/2016 | विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल | 12/11/2016 विदिशा, मध्यप्रदेश |
| **बेल्लारी जिले में फेसबुक पोस्ट से तनाव** | | 12/11/2016 |

| | | |
|---|---|---|
| कर्नाटक के बेल्लारी जिले में फेसबुक पोस्ट के कारण सांप्रदायिक तनाव हुआ। कांस्ट्रक्शन लेबर बलराम बोवी ने आपत्तिजनक तस्वीरें लगायी थी। पुलिस में की गयी शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/hubballi/Labourer-arrested-for-communal-post-on-FB/articleshow/55407508.cms<br>Date Accessed: 14/11/2016 | कांस्ट्रक्शन लेबर | बेल्लारी, कर्नाटक |
| **ओल्ड हैदराबाद में तनाव**<br>12 साल पहले हुए हिंसक प्रदर्शन के मामले में एसआईटी की गिरफ्तारी से ओल्ड हैदराबाद के इलाके में तनाव रहा। इससे पहले भी दो युवाओं को एसआईटी ने गिरफ्तार किया था। अप्रैल 2004 में गुजरात के गृहमंत्री हरेन पांडया की हत्या के मामले में एसआईटी ने हैदराबाद में एक आरोपी गिरफ्तारी के दौरान समर्थकों की भीड़ पर गोली चला दिया था, जिसमें मुजाहिद सलीम आजमी की मौत हो गयी थी।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/hyderabad/Tension-in-Saidabad-following-SIT-arrests/articleshow/55572944.cms<br>Date Accessed: 23/11/2016 | स्थानीय समुदाय | हैदराबाद, आंध्रप्रदेश |

# सांप्रदायिक रणनीतियां

## सांप्रदायिक संगठन

| रणनीतियां | सम्मिलित संगठन |
|---|---|
| **केरल में आरएसएस की गतिविधियां**<br>**कन्नूर में आरएसएस और सीपीएम के बीच हिंसक झड़प**<br>केरल के उत्तरी जिले कन्नूर में हाल ही में हुई हत्याओं से सीपीएम और आरएसएस के बीच चल रही सियासी जंग फिर से सामने आयी है। कन्नूर में सभी राजनीतिक दलों में हिंसक झड़पों और हत्याओं का लंबा इतिहास रहा है लेकिन केरल में आरएएसएस की पैठ बनाने की कोशिशों के बाद नए तरह की राजनीतिक प्रतिद्वंदिता दिख रही है। एक आंकड़े के अनुसार पी. विजयन के मई 2016 में पद संभालने के बाद से चार महीनों के भीतर कन्नूर में राजनीतिक हिंसा के 301 मामले दर्ज हुए।<br>http://www.firstpost.com/politics/history-of-political-violence-in-keralas-kannur-killings-became-endemic-after-rss-entered-the-fray-3085008.html<br>http://www.firstpost.com/politics/history-of-political-violence-in-keralas-kannur-killings-became-endemic-after-rss-entered-the-fray-3085008.html<br>Date Accessed: 2/11/2016 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सीपीएम |
| **केरल में आरएसएस का अभियान**<br>मलयालम भाषा में प्रकाशित होने वाले आरएसएस के मुखपत्र केसरी में 10 जून के अंक में एक आवरण चित्र प्रकाशित हुआ। पत्रिका ने आरोप लगाया था कि सीपीएम कार्यकर्ताओं के हमले में एक लड़की सिवादा की साइकिल खो गयी। आरएसएस इस तस्वीर के जरिए यह दिखाना चाहता था कि सीपीएम के नेतृत्व में डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार बनने के बाद कन्नूर में हिंसा बढ़ी है। सिवादा को भाजपा के एक कार्यक्रम में ले जाया गया जिसमें केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भी शामिल थे। इस दौरान खींची गयी तस्वीर को संघ परिवार से जुड़ी संस्था Centre For Kerala Socio Economic Political Studies ने एक किताब पर इस्तेमाल किया।<br>http://www.telegraphindia.com/1161111/jsp/nation/story_118592.jsp#.WD8NZdJ97IV<br>http://www.bjp.org/images/jpg_2016_oct/aahuti_updated_17.10.2016.pdf<br>Date Accessed: 11/11/2016 | केसरी 10 जून, 2016, Centre For Kerala Socio Economic Political Studies (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) |
| **राजनीतिक कार्यकर्ता की हत्या में आरएसएस की भूमिका के बाद विवाद**<br>केरल में भाजपा और आरएसएस ने आरोप लगाया है कि पुलिस सीपीआई (एम) के हित में काम कर रही है। भाजपा ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा है कि 2006 में नेशनल डिवेलपमेंट फ्रंट के कार्यकर्ता मुहम्मद फैजल की हत्या की मामले में आरएसएस कार्यकर्ता के शामिल होने की बात राजनीतिक षडयंत्र है और जेल में बंद आरएसएस कार्यकर्ता पर घटना की जिम्मेदारी लेने का बयान दबाव डाल कर लिया गया है। आरोपी कार्यकर्ता सीपीआई (एम) के कार्यकर्ता मोहनन की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था।<br>http://www.thehindu.com/news/national/kerala/RSS-worker-confesses-to-role-in-Fazal-murder/article16671686.ece?utm_source=RSS_Feed&utm_medium=RSS&utm_campaign=RSS_Syndication<br>http://www.thehindu.com/news/national/kerala/RSS-worker-says-%E2%80%98confession%E2%80%99-under-duress/article16724836.e<br>http://www.thehindu.com/news/national/kerala/Confession-by-RSS-workera-political-conspiracy- | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |

| | |
|---|---|
| BJP/article16675595.ece?utm_source=RSS_Feed&utm_medium=RSS&utm_campaign=RSS_Syndication<br>Date Accessed: 26/11/2016<br>**धर्मांतरण के बाद युवक की हत्या**<br>केरल में 19 नवंबर को फैजल नाम के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने भाजपा और आरएसएस से जुड़े 8 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। फैजल ने 6 महीने पहले धर्मांतरण किया था। इससे पहले वे हिंदू धर्म में विश्वास करते थे। आरोप है कि हत्या धर्मांतरण के कारण की गयी।<br>http://www.newindianexpress.com/states/kerala/2016/nov/20/muslim-convert-hacked-to-death-1540562--1.html<br>http://www.newindianexpress.com/states/kerala/2016/nov/28/eight-including-kin-held-for-faisal-murder-in-kerala-1543316.html<br>Date Accessed: 28/11/2016 | राष्ट्रीय स्वयंसेवकसंघ, भारतीय जनता पार्टी |
| **हिंदूवादी संगठनों की आपराधिक गतिविधियां**<br>**राजस्थान में बंजारों पर गौरक्षकों का हमला**<br>राजस्थान में अक्टूबर के दौरान बजांरा समुदाय के एक व्यक्ति पर 17 लोगों ने हमला किया और पांच हजार रुपए की मांग की थी। हमलावरों का संबंध बजरंग दल से था। इस घटना की एफआईआर दर्ज हुई थी और बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस घटना के विरोध में बजांरा समुदाय के लोगों ने राजसमंद में प्रदर्शन किया और जनसुनवाई का आयोजन किया।<br>http://scroll.in/article/821047/how-an-assault-on-banjaras-by-gau-rakshaks-sparked-an-una-like-movement-in-rajasthan<br>Date Accessed: 11/11/2016 | गौरक्षक संगठन |
| **बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के आरोपी की जेल में हत्या**<br>कर्नाटक में बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के एक आरोपी की मैसूर जेल में हत्या हो गयी। मुस्तफा कवूर पर प्रशांथ पुजारी की हत्या का मुकदमा चल रहा था। जिसे अन्य मामलों में जेल में बंद करण शेट्टी ने मार डाला। आरोपी करण शेट्टी को दक्षिण कर्नाटक का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है और उसका संबंध प्रशांथ पुजारी से था।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/bajrang-dal-undertrial-karnataka-news-4371070/<br>Date Accessed: 12/11/2016 | करण शेट्टी |
| **मंगलुरू में बजरंग दल कार्यकर्ता ने किया होटल मालिक पर हमला**<br>कर्नाटक में मूडबिडरी के निकल बेलुवई में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एक होटल मालिक पर हमला किया। 42 साल के मोहम्मद शकीर ने कहा कि उस पर गौहत्या का आरोप लगाकर हमला किया गया। मोहम्मद शाकिर ने 2000 हजार रुपए में इसे खरीदा था और 6 महीने से पाल रहा था। आरोप है कि बजरंग दल के करीब 15 हमलावरों ने, बेलुवई और पादुमारनाडु ग्राम पंचायत के मुखिया के साथ होटल मालिक पर हमला किया।<br>http://www.thehindu.com/news/cities/Mangalore/Bajrang-Dal-activists-accused-of-threatening-hotel-owner/article16644261.ece<br>Date Accessed: 17/11/2016 | बजरंग दल |
| **बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जेल में पशु तस्करों पर हमला किया**<br>केरल में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हिरियदका जेल में हमला कर एक कैदी की हत्या कर दी। मारे गए व्यक्ति पर पशुओं की तस्करी का आरोप था। 27 नवंबर को इरशाद मोईन की हत्या में पांच लोगों को | बजरंग दल |

| | |
|---|---|
| आरोपी बनाया गया। http://www.daijiworld.com/news/news_disp.asp?n_id=425214 Date Accessed: 28/11/2016 | |
| **हलद्वानी में बजरंग दल का उत्पात** हलद्वानी में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मांस बेचने वाली दुकानें बंद करायीं। बजरंग दल का आरोप था कि टनकपुर मां पूर्णागिरि से जुडा हुआ है और मंगलवार के दिन मांस की दुकानें खुली होने से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। http://www.livehindustan.com/news/haldwani/article1-Meat-and-meat-Tanakpur-barbershop-open-Tuesday-and-Bajrang-Dal-activists-angered-by-the-students-un-615354.html Date Accessed: 29/11/2016 | बजरंग दल |
| **बुलंदशहर में बजरंग दल की मोरल पोलिसिंग** बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्रवीण भाटी के साथ 20 नवंबर को खुर्जा में दो मुस्लिम युगलों की पिटाई की। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि उसका सामूहिक बलात्कार हुआ। इस मामले में बजरंग दल कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने जिला प्रशासन को इसकी रिपोर्ट मांगी है। http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/Bulandshahr-beatings-Minority-panel-seeks-report-from-district-administration/articleshow/55602884.cms http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/Bajrang-Dal-men-raped-tried-to-hang-me-after-the-beating-Bulandshahr-woman-tells-court/articleshow/55641542.cms Date Accessed: 24/11/2016 | बजरंग दल |
| **भाजपा की आईटी सेल ने पत्रकारों को बनाया निशाना** भाजपा में आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्विट करके देशभर के पत्रकारों को चेतावनी दी। कर्नाटक के पत्रकार गौरी लंकेश के खिलाफ भाजपा सांसद प्रहलाद जोशी ने मानहानि का मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरी लंकेश पर भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करने के आरोप में सजा हुई है। इससे पहले 19 साल के एक युवक को मध्यप्रदेश सरकार पर की गयी टिप्पणी के मामले में गिरफ्तार किया गया। http://scroll.in/article/822940/the-bjps-head-of-information-technology-just-issued-a-warning-to-every-journalist-in-the-country Date Accessed: 30/11/2016 | भाजपा |
| **राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने बनाया गौरक्षक सेना** आरएसएस से जुड़े संगठन राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने राजस्थान में मुस्लिम गौरक्षक समिति का गठन किया है। मुस्लिम गौरक्षक समिति, दूसरे गौरक्षक संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। समिति राज्य के नागौर, अजमेर और भीलवाड़ा और शीकावटी इलाके में प्रसार के लिए सदस्यता अभियान भी चला रहा है। http://timesofindia.indiatimes.com/city/jaipur/Now-Muslim-manch-forms-gau-rakshak-sena/articleshow/55268242.cms Date Accessed: 6/11/2016 | राष्ट्रीय मुस्लिम मंच |
| **हरियाणा में गायों के कान में ईयर-टैग** हरियाणा सरकार ने गायों के कान में ईयर टैग लगाएगी। इस परियोजना पर सरकार 4.5 मिलियन खर्च कर रही है। ईयर टैग में पशु से जुड़े विवरण होंगे जिसमें जिला, गौशाले आदि से जुड़ी बातें होंगी। हरियाणा गौ सेवा आयोग ने कहा है कि यह योजना गौशाला, डेयरी और लोगों | हरियाणा सरकार |

| | |
|---|---|
| के पालतू पशुओं पर भी लागू होगी। इसके अलावा राज्य सरकार ने गायों के अभ्यारण्य बनाने की योजना बनायी है। 40 अभ्यारण्य बनाने के पहले चरण की शुरूआत पानीपत, हिसार और भिवानी से होगी।<br>http://www.dailypioneer.com/state-editions/haryana-starts-ear-tagging-of-bovines.html<br>Date Accessed: 9/11/2016<br>http://www.deccanherald.com/content/581122/mooving-cows-reform-jail-inmates.html<br>Date Accessed: 15/11/2016 | |
| **राजस्थान में सरकार की गौशाला योजना**<br>जेल कैदियों को सुधारने के लिए हरियाणा सरकार सजा पूरी होने के बाद उपहार में गाय देगी। इसके अलावा जेल में गौशाला खोलने की योजना भी है। करनाल, अंबाला, जिंद, भिवानी, सोनपत और रोहतक की जेल में ऐसे केन्द्र खुलेंगे। भाजपाशासित कई राज्यों की जेल में पशुओं के ऐसे केन्द्र चल रहे हैं।<br>http://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/Rajasthan-to-establish-model-Nandi-gaushalas-and-create-cow-fund/article16440535.ece<br>Date Accessed: 22/11/2016 | राजस्थान सरकार |
| **पश्चिमी यूपी में विहिप का सदस्यता अभियान**<br>उत्तरप्रदेश के पश्चिमी जिलों में विहिप संगठन के प्रसार के लिए सदस्यता अभियान चलाएगी। विहिप ने कहा है कि संगठन के प्रसार से हिंदू विरोधी गतिविधियों को रोका जाएगा। पश्चिमी उत्तरप्रदेश में हिंदूवादी संगठन यह प्रचार करते रहे हैं कि हिंदुओं पर सुनियोजित हमला किया जा रहा है। विहिप ने इस सदस्यता अभियान को हिंदू हित चिंतक भर्ती का नाम दिया है। इसी तरह का एक अभियान गुजरात में चलाया जा रहा है। विहिप का दावा है कि वह 6 दिसंबर से पहले 5 लाख लोगों को संगठन से जोड़ेगी।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/VHP-to-induct-10L-new-members-in-west-UP-to-stop-anti-Hindu-activities/articleshow/55297568.cms<br>Date Accessed: 8/11/2016 | विश्व हिंदू परिषद |
| **राष्ट्र सेविका समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित**<br>राष्ट्र सेविका समिति की महासचिव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए कहा कि शादी पवित्र बंधन है और 'मैरिटल रेप' नाम की कोई चीज नहीं होती है। आरएसएस से जुड़े महिला शाखा के स्थापना के 80 साल पूरे किए हैं। स्क्रोल पर प्रकाशित एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी है कि इतने बरसों बाद भी आरएसएस से जुड़े इस महिला संगठन को महिलाओं से जुड़े हुए मुद्दों से दूर रखा गया है। तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान भी ज्यादातर स्त्रियों की घरेलू भूमिका पर बात हुई।<br>http://scroll.in/article/821360/eighty-years-on-the-rss-womens-wing-has-not-moved-beyond-seeing-the-woman-as-mother<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/nothing-called-marital-rape-marriage-is-sacred-says-seetha-annadanam-rss-womens-wing/<br>Date Accessed: 12/11/2016 | राष्ट्र सेविका समिति |
| **मंगलुरू में विहिप का विरोध प्रदर्शन**<br>मंगलुरु में हिंदू संगठन 10 नवंबर को आरएसएस कार्यकर्ता पर हमले के आरोपों को लेकर मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद ने कहा है कि संघ से जुड़े संगठन भाजपा के साथ थोक्कोट्टू जंक्शन पर इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की बात कही है। | विश्व हिंदू परिषद |

| | |
|---|---|
| आरोपों को लेकर हिंदू संगठनों ने कहा है कि हिंदुओं पर सुनियोजित तरीके से हमले हो रहे हैं। http://www.thehindu.com/news/cities/Mangalore/Right-wing-groups-to-stage-protest-in-Mangaluru-on-Nov.-15/article16444038.ece<br>Date Accessed:13/2/2016 | |
| **कर्नाटक में टीपू सुल्तान जयंती का विरोध**<br>कर्नाटक में टीपू सुल्तान की जयंती को लेकर इस बार भी विवाद हुआ। कर्नाटक सरकार ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर जयंती मनाने का फैसला किया। 10 नवबंर को टीपू सुल्तान की जयंती के खिलाफ भाजपा सहित हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया और काला दिवस मनाया। 1990 के बाद से राज्य में हिंदुत्व के उभार के बाद से हिंदुत्ववादी संगठन टीपू सुल्तान की छवि को हिंदू विरोधी की तरह पेश करते रहे हैं।<br>http://satyagrah.scroll.in/article/103319/a-history-chapter-tells-us-tipu-sultan-restored-a-hindu-temple-that-the-marathas-sacked<br>Date Accessed: 30/11/2016 | भाजपा, हिंदुत्वादी संगठन |
| **करेंसी पर महात्मा गांधी की तस्वीर का विरोध**<br>अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने मांग की कि भारतीय मुद्रा से महात्मा गांधी की तस्वीर हटा दी जाए। हिंदू महासभा ने मेरठ के दफ्तर में 15 नवंबर को आयोजित बलिदान दिवस के दिन यह मांग की। 15 नवंबर के दिन नाथूराम गोडसे और नारयण दत्तात्रेय आप्टे को फांसी की सजा दी गयी थी।<br>http://www.india.com/news/india/mahatma-gandhis-picture-must-be-taken-off-from-indian-currency-hindu-mahasabha-1652181/<br>Date Accessed: 17/11/2016 | अखिल भारतीय हिंदू महासभा |
| **अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने अंतरधार्मिक विवाह को कहा लव जेहाद**<br>2015 की यूपीएससी टॉपर रही टीना डाबी की कश्मीरी मुस्लिम युवक से शादी की घोषणा के बाद हिंदूवादी संगठन ने इसे लव जिहाद कहा। अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने मसूरी स्थिर आईएएस प्रशिक्षण संस्थान और टीना डाबी को पत्र लिखकर युवक का धर्मांतरण कराने की बात कही है।<br>http://website.akhilbharathindumahasabha.org/?p=2777<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/after-tina-dabi-announces-plan-to-marry-kashmiri-youth-hindu-mahasabha-calls-it-love-jihad-4401186/<br>Date Accessed: | अखिल भारतीय हिंदू महासभा |
| **हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग के खिलाफ बजरंग दल**<br>आगरा में बजरंग दल ने हॉलीवुड फिल्म विक्टोरिया और अब्दुल की शूटिंग का विरोध किया। बजरंग दल मेहताब बाग में शूटिंग के दौरान क्वीन विक्टोरिया की मूर्ति लगाए जाने का विरोध कर रहा था। दो साल पहले दक्षिणपंथी संगठनों ने बआगरा के पार्क में लगी दो ब्रिटिशकालीन मूर्तियों को प्रशासन पर दबाव डालकर हटवा दिया था।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/Bajrang-Dal-disrupts-shoot-of-Judi-Dench-starrer-Hollywood-film/articleshow/55501740.cms<br>Date Accessed: 19/11/2016 | बजरंग दल |
| **शिक्षा का भगवाकरण** | |
| **राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आरएसएस का प्रभुत्व: डीयू पैनल**<br>दिल्ली विश्वविद्यालय की फैक्ट फाइंडिग कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया है कि हरियाणा का केन्द्रीय | राजस्थान केन्द्रीय |

| | |
|---|---|
| विश्वविद्यालय आरएसएस के निर्देशों के अनुसार काम कर रहा है। डीयू पैनल इस बात की जांच कर रहा था कि महाश्वेती देवी के नाटक 'द्रौपदी' के मंचन के बाद दो अध्यापकों को नोटिस देने का अध्ययन कर रहा था। कमेटी ने रिपोर्ट में कहा है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस नाटक के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए लोगों को इकट्ठा किया। एक अभियान के तहत नाटक के चयनित हिस्से को महेन्द्रगढ़ और आस-पास के गांवों में लोगों को दिखाया गया।<br>http://www.tribuneindia.com/news/haryana/central-university-under-rss-influence-du-panel/319645.html<br>Date Accessed: 7/11/2016 | विश्वविद्यालय |
| **आरएसएस के आयोजनों को म.प्र. सरकार का आर्थिक सहयोग**<br>आरएसएस से जुड़ी संस्था प्रज्ञा प्रवाह ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ विधानसभा परिसर में लोकमंथन का आयोजन किया। लोकमंथन को समाजविज्ञान के भारतीयकरण और राष्ट्र सर्वोपरि विचारकों एवं कर्मशीलों का राष्ट्रीय विमर्श कहा गया है। इसे वैचारिकी की क्षेत्र में उपनिवेशवाद से मुक्ति की तरह प्रस्तुत किया गया। मध्यप्रदेश में सरकार आरएसएस की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रमों को आर्थिक सहयोग दे रही है।<br>http://www.newindianexpress.com/nation/2016/nov/08/rss-affiliate-wing-to-brainstorm-scholars-on-indianising-social-sciences-1536377.html<br>http://www.freepressjournal.in/bhopal/govt-splurging-crores-on-rss-sponsored-programmes/967594<br>Date Accessed: 8/11/2016 | लोकमंथन ( आरएसएस) |
| **बीएचयू में आरएसएस पर सेमिनार**<br>बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में 5 नवंबर को आरएसएस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। "The Role of RSS in Nation Building: Illusion and Reality" विषय पर विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में आरएसएस के काशी प्रांत के सरसंचालक अभय कुमार ने आरोप लगाया कि जवाहर लाल नेहरू के कारण गांधी की हत्या में आरएसएस आरोपी बना। इससे पहले 2006 में बीएचयू के कर्मचारियों के खिलाफ राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने पर सेन्ट्रल सिविल सर्विस( कंडक्ट) रूल्स, 1964 के तहत कार्रवाई हुई थी।<br>http://thewire.in/79719/rss-show-banaras-hindu-university-tries-set-right-myths-sangh/<br>http://www.thehindu.com/news/national/tamil-nadu/RSS-rally-held/article16445104.ece?css=print<br>Date Accessed: 12/11/2016 | बनारस हिंदू विश्वविद्यालय |
| **आरएसएस की स्वदेशी साइंस की नीति**<br>आरएसएस की संस्था विज्ञान भारती भारत सरकार के मंत्रालयों के साथ मिलकर काम करेगी। एनसीईआरटी और विज्ञान प्रसार के साथ मिलकर आरएसएस की संस्था काम करेगी। विज्ञान भारती आरएसएस की नीतियों के अनुसार विज्ञान के क्षेत्र में स्वदेशी की भावना पर जोर देता रहा है।<br>http://www.hindustantimes.com/india-news/rss-affiliate-centre-join-hands-to-shed-light-on-swadesi-science/story-M4UceqCCawMUDNaNToKitN.html<br>Date Accessed: 14/11/2016 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |

| सांप्रदायिक कथन | |
|---|---|
| **असम में शिक्षा मंत्री के बयान पर विवाद**<br>असम के शिक्षा मंत्री हिमांता विस्वा सरमा ने आपत्तिजनक बयान देते हुए कहा कि शुक्रवार के दिन बंद रहने वाले मदरसों पर सरकार कार्रवाई करेगी। मदरसे पाकिस्तान और बांग्लादेश में बंद हो सकते हैं, भारत में नहीं।<br>http://scroll.in/latest/822820/schools-should-be-closed-on-sundays-not-fridays-assam-leader-clarifies-his-comment-on-madrasas<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/hd-muslim-outfits-slam-himanta-biswa-sarma-for-madrasa-remark-4402489/<br>Date Accessed: 30/11/2016 | शिक्षा मंत्री, असम |

| न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया |
|---|
| **कर्नाटक में बजरंग दल नेता पशु तस्करी में गिरफ्तार**<br>कर्नाटक के चिकमंगलूर जिले में बजरंग दल के नेता के.एन. विजयेन्द्र को दो अन्य व्यक्तियों के साथ गौ तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस का बयान है कि पशुओं को काफी निर्दयता से ले जाया जा रहा था। राज्य के दक्षिणी जिले में गौरक्षक संगठन पशुओं की तस्करी को लेकर हिंसा करते रहे हैं।<br>http://www.telegraphindia.com/1161102/jsp/nation/story_116961.jsp#.WD8ZW9J97IU<br>Date Accessed: 2/11/2016 |
| **खंभाट हिंसा में गिरफ्तारियां**<br>गुजरात के खंभाट में हुई सांप्रदायिक हिंसा में पुलिस ने 30 लोगों पर केस दर्ज किया। पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया। सामान्य विवाद में हुई हिंसा में 10 लोग घायल हुए थे और आगजनी की घटनाएं हुई थीं।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/vadodara/3-held-30-booked-after-riot-erupts-in-Khambhat/articleshow/55219072.cms<br>Date Accessed: 3/11/2016 |
| **पाकिस्तानी झंडा फहराने पर कानुपर में राजद्रोह का मामला दर्ज**<br>कानपुर के सीसामऊ में चंद्रपाल सिंह को अपने घर पर पाकिस्तानी झंडा फहराने के मामले में गिरफ्तार किया है। चंद्रपाल सिंह बिजली, पानी का ज्यादा बिल आने की समस्या पर इसके जरिए प्रशासन का ध्यान खींचना चाह रहे थे। लेकिन झंडा लगाने के बाद आरोपी के घर के बाहर विहिप और बजरंग दल के लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने इस मामले में सेक्शन 124-A और 153 के तहत केस दर्ज किया है।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/kanpur-man-unfurls-pakistan-flag-to-make-govt-address-bill-woes-booked-for-sedition-3737646/<br>Date Accessed: 5/11/2016 |
| **पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया पर UAPA के तहत कार्रवाई**<br>कर्नाटक में आरएसएस के आर. रुद्रेश की हत्या के मामले में मुस्लिम संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले में Unlawful Activities Prevention Act, 1967 के तहत केस दर्ज किया है। इस एक्ट के तहत आमतौर पर आतंकवाद और राष्ट्रीय अखंडता के खिलाफ साजिश करने पर केस दर्ज होता है। आरएसएस के पदाधिकारी की हत्या अक्टूबर में हुई थी।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/rss-man-murder-karnataka-r-rudresh-3740784/ |

Date Accessed: 7/11/2016

### 2009 मराड दंगा: सीबीआई करेगी जांच

केरल हाइकोर्ट ने 2003 के मराड दंगा मामले में सीबीआई को जांच का आदेश दिया। 2003 में हुई हिंसा में 8 लोगों की मौत हो गयी थी। अदालत ने सीबीआई जांच की एक याचिका पर विचार करते हुए यह आदेश दिया।

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/cbi-directed-to-probe-conspiracy-behind-marad-riots-116111001195_1.html
Date Accessed: 10/11/2016

### सलाफी विचारक जाकिर नाइक पर मामला दर्ज

राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने इस्लामिक प्रचारक जाकिर नाइक को गिरफ्तार किया। इससे पहले भारत सरकार ने जाकिर नाइक की संस्था इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर UAPA के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया और संस्था को प्रतिबंधित कर दिया। इस दौरान एनआईए ने संस्था के ठिकानों पर छापामारी भी की।

http://www.deccanchronicle.com/nation/current-affairs/201116/nia-books-islamic-preacher-zakir-naik-and-his-organisation-for-hate-speech.html
Date Accessed: 20/11/2016

### मोहसिन शेख की हत्या में अब तक मुआवजा नहीं

2014 में हिंदू राष्ट्र सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर मोहसिन शेख की हत्या कर दी थी। मोहसिन शेख पुणे में एक आईटी कंपनी में काम करते थे। इस मामले में हिंदू राष्ट्र सेना के प्रमुख धनंजय देसाई को 20 लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था और मुकदमा अभी चल रहा है। लेकिन घटना के दो साल बाद भी परिवार को मुआवजे की राशि नहीं दी गयी है। मोहसिन शेख के परिवार ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है और मांग की है मुआवजे की राशि परिवार को देने के साथ-साथ हिंदू राष्ट्र सेना पर प्रतिबंध लगाया जाए।

http://twocircles.net/2016nov22/1479819287.html#.WD8aGNJ97IU
http://punemirror.indiatimes.com/pune/civic/Family-waits-as-govt-yet-to-cough-up-money/articleshow/55568808.cms
Date Accessed: 23/11/2016

### पेटलवाद हिंसा : पुलिस की रिपोर्ट में आरएसएस पर आरोप

पेटलवाद हिंसा में पुलिस की चार पेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि आरएसएस पंचायत चुनावों के चलते हिंदू मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के प्रयास में है। पेटलवाद में ताजिया के जुलूस के दौरान विवाद हुआ था और 12 से 14 अक्टूबर के बीच सांप्रदायिक तनाव रहा। पुलिस ने रिपोर्ट मे लिखा है कि आरएसएस के दबावों के कारण पुलिस सही से केस दर्ज नहीं कर सकी। इस मामले में मध्यप्रदेश सरकार ने जिला न्यायालय के सेवानिवृत्त जज से जांच कराने का आदेश दिया है।

http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/petlawad-communal-violence-tension-rss-vote-hindu-polarise-madhya-pradesh-jhabua-4195340/
http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/mp-govt-orders-probe-into-petlawad-communal-tension-4397375/
Date Accessed: 27/11/2016

### गोविंद पंसारे हत्याकांड में एसआईटी की चार्जशीट दाखिल

गोविंद पंसारे हत्याकांड में एसआईटी हिंदू जनजागृति वेदिके के सदस्य वीरेन्द्र तावड़े के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया। 2015 में दो मोटरसाइकिल सवारों ने सीपीआई के नेता गोविंद पंसारे की हत्या कर दी थी। एसआईटी की जांच में हमलावरों को सनातन संस्था से जुड़ा हुआ बताया गया है।

http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/govind-pansare-murder-case-sit-files-chargesheet-against-hindu-group-member-virendra-tawde/
Date Accessed: 29/11/2016

### मथुरा में नास्तिक समूह पर केस दर्ज

पुलिस ने बिंदु सेवा  संस्थान पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का मामला दर्ज किया है। अक्टूबर में वृंदावन में हुए नास्तिक

सम्मेलन के दौरान हिंदुत्वादी समूहों ने हमला किया था और कार्यक्रम को रोक दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में हिंदुत्वादी समूहों के खिलाफ तोड़-फोड़ करने पर एफआईआर दर्ज करने से मना किया था।
http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/Atheist-group-in-Mathura-booked/article15897060.ece
Date Accessed: 30/11/2016

**Connect with RGICS at:** info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेपहै और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है।